दिल्ली
जागरण सिटी
निर्णय लेने में भी हो महिलाओं की भूमिका : संध्या सेठी ||| नई दिल्ली, 17 अक्टूबर 2014 दैनिक जागरण

निर्णय लेने में भी हो महिलाओं की भूमिका : संध्या सेठी

◆ कहा, महिलाओं को उद्योग की ओर लाना चाहिए

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : जब तक महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा, तब तक यह नहीं कहा जा सकता कि महिला सशक्तीकरण का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। यह बात औद्योगिक संगठन फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन की लाइफ मेंबर और उद्यमी संध्या सेठी ने दैनिक जागरण से बातचीत के दौरान कही।

संध्या ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर देते हैं। महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में शामिल कर देश के विकास का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। जब तक ऐसा नहीं किया जाएगा, तब यह नहीं कहा जा सकता कि भारत में महिलाएं सशक्त हो रही हैं। संध्या ने कहा कि भारत सरकार अभियानों के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाने की कोशिश कर रही है। हालांकि जरूरत केवल महिलाओं को शिक्षित ही नहीं, आत्मनिर्भर बनाने की भी है। लिहाजा महिलाओं में हुनर विकसित करके उन्हें उद्योग की ओर लाना चाहिए। इससे वे सही मायने में आत्मनिर्भर बन सकेंगी और देश की मुख्यधारा में शामिल होकर अपना बहुमूल्य योगदान दे सकेंगी।